(d) what measures have been taken by the Government to check the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (d) A Professor of the Law Faculty of the University of Delhi was recently shot on the University campus and the case is under investigation by the local police. This appears to be an isolated incident and it does not follow that lawlessness in the University is on the rise.

किसानों के लिए रियायतें और राज-सहायता

4019. **श्री नागमणि:** क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किसानों को दी जा रही रियायतों और राज-सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों में कितने-कितने मूल्य की रियायतें और राज-सहायता दी गई है;

(ग) क्या सरकार इन रियायतों और राज-सहायता की राशि बढ़ाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): (क) किसानों को उर्वरकों, बिजली, सिंचाई जैसे आदान मूल्यों तथा ऋण के माध्यम से राजसहायता दी जाती है। इसके अलावा योजनागत स्कीमों के माध्यम से विभिन्न रियायतें, प्रोत्साहन और बीज मिनीकिटों, मशीन टूलों, पौध संरक्षण, मृदा संरक्षण और प्रशिक्षण आदि के रूप में सहायता भी दी जाती है। किसानों को बाजार मूल्यों में गिरावट आने पर न्यूनतम समर्थन मूल्यों के माध्यम से, मूल्य समर्थन भी दिया जाता है।

(ख) कृषि क्षेत्र में उर्वरकों, बिजली तथा सिंचाई के लिए दी गई प्रमुख आदान सब्सिडी की राशि विवरण में दी गई है। (**नीचे देखिए**)।

(ग) और (घ) उर्वरकों पर रियायत की राशि में हाल ही में 6.7.96 से वृद्धि की गई है, जो निम्नवत् है:-

(रु० प्रति मी०टन)

उत्पाद	6.7.96 से पूर्व रियायत	6.7.96 से रियायत
1. डी०ए०पी० (स्वदेशी)	1000	3000
2. डी०ए०पी० (आयातित)	—	1500
3. एम०ओ०पी०	1000	1500
4. एस०एस०पी०	340	500
5. मिश्रित उर्वरक (स्वदेशी)	435 से 999	1304 से 2633

विवरण

कृषि क्षेत्र के प्रमुख सब्सिडी का ब्यौरा

(करोड़ रूपये)

मद	1992-93 वास्तविक	1993-94 वास्तविक	1994-95 वास्तविक	1995-96ए संशोधित अनुमान	1996-97ए बजट अनुमान
1	2	3	4	5	6
आदानों के माध्यम से कृषि-क्षेत्र को सब्सिडी					
1. उर्वरक (कुल)	5796	4562	5772	6735	8372
1.1 स्वदेशी उर्वरक	4800	3800	4075	4300	4500
1.2 आयातित उर्वरक	996	762	1166	1935	1648
1.3 किसानों को रियायत सहित विनियंत्रित उर्वरकों की बिक्री	—	—	531	500	2224
2. बिजली**	1927	2408	उ.न.	उ.न.	उ.न.
3. सिंचाई***	5235	5945	6828†	उ.न.	उ.न.